तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025

13 डी के महाविद्यालय में हुआ अज़ीम प्रेमजी ...

14 सशिमं के छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक्स स्पर्धा में ...




# ट्रेनों के स्टापेज, सड़क मरम्मत व अधूरे काम चालू कराने, लिफ्ट की डीआरएम से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दयानंद से स्टेशन कंसंट्रेट समिति भाटापारा ने रेलवे स्टेशन की विभिन्न समस्याओं और लंबित विकास कार्यों को लेकर मुलाकात की। समिति ने डीआरएम को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा, जिसमें अधूरे निर्माण कार्यों को पुनः शुरू कराने से लेकर ट्रेनों के स्टॉपेज, पार्किंग, सड़क मरम्मत और लिफ्ट सुविधा जैसे कई मुद्दे शामिल रहे। इस दौरान स्टेशन कंसंट्रेट समिति के प्रमुख मुकेश थरानी, सुरेश भानुशाली, अमरजीत सिंह सलूजा, रविंद्र जैन, डीआरयूसीसी सदस्य राजेश शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। समिति ने डीआरएम को लिखित रूप से अपनी मांगें सौंपीं और स्टेशन से जुड़े नागरिक सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता जताई।

## रेलवे स्टेशन की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर डीआरएम को सौंपा पत्र

### प्रमुख मांगे और सुझाव

बैठक में अमृत भारत योजना के तहत अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू करने की मांग की गई। स्टेशन के सामने की बंद पड़ी सड़क को चालू कराने की आवश्यकता बताई गई। साथ ही, हाल ही में बने अंडरब्रिज में बारिश के समय जलभराव और संभावित क्षति के मद्देनजर फ्लड प्रोटेक्शन और रंग-रोगन की मांग उठाई गई। ऑटो चालकों द्वारा स्टेशन के सामने बनाए गए अस्थायी पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित करने की बात कही गई। वहीं, साइकिल स्टैंड संचालकों को गार्ड की ड्यूटी देने और यात्रियों को सही जानकारी देने की आवश्यकता जताई गई, ताकि यात्रियों को बेवजह असुविधा न हो।



### डीआरएम ने दिए संकेत

मुलाकात के दौरान स्टेशन मास्टर अजय कुमार सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि और नागरिक भी उपस्थित रहे। डीआरएम दयानंद ने समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया कि सभी मांगों को विभागीय रूप से भेजा जाएगा और उन पर यथाशीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### मातादेवालय और बजरंग वार्ड के लिए राहत

बैठक में अमरजीत सलूजा ने डीआरएम के समक्ष मातादेवालय वार्ड और बजरंग वार्ड के लिए स्टेशन पर लिफ्ट की आवश्यकता रखी। डीआरएम दयानंद ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि लिफ्ट को तत्काल प्रभाव से चालू किया जाए। यह निर्णय यात्रियों, विशेषकर बुजुर्ग और विकलांगों के लिए राहत का कार्य करेगा।

### जोन की प्रमुख ट्रेनों का ठहराव जरूरी

स्टेशन उपभोक्ता सलाहकार समिति ने प्रमुख ट्रेनों को भाटापारा में ठहराव देने की मांग की। इनमें वंदे भारत (बिलासपुर-नागपुर) 20825/20826, बिलासपुर-हापा 22939/22940, बिलासपुर-चेन्नई 12851/12852 और सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस 12771/12772 को भाटापारा होते हुए बढ़ाने की बात कही गई। इसके अलावा, दुर्ग-हटिया स्पेशल ट्रेन 08185/08186 को नियमित रूप से चलाने और हावड़ा-नांदेड़ एक्सप्रेस 12767/12768 का स्टॉपेज भाटापारा में देने की भी मांग प्रमुख रही।

## खबर संक्षेप

### प्रयास में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 12 व 13 को

**बलौदाबाजार** | सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों क्रा काउंसलिंग 12 एवं 13 सितम्बर 2025 क्रो प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग, वीआईपी सिटी कॉलोनी के सामने रायपुर में होगा। सर्व प्रथम नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला बलरामपुर के रिक्त सीट की पूर्ति पश्चात ही राजनांदगांव एवं बिलासपुर जिले के रिक्त सीट भरे जायेंगे। काउंसलिंग में अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका 12 सितम्बर 2025, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग बालक एवं बालिका 13 सितम्बर 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक भाग ले सकते है।

### कार्रवाई : पचपेड़ी क्षेत्र में पकड़ा गया मवेशियों से भरा वाहन

# बलौदाबाजार में मवेशी तस्करी का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बलौदाबाजार और बिलासपुर जिले की सीमाओं पर मवेशी तस्करी का धंधा तेज़ी से चल रहा है। घटना 4 सितंबर गुरुवार देर रात पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम जोंधरा में 25 से 30 मवेशियों से भरा माजदा वाहन (सीजी 22 आर 8647) जो बलौदाबाजार पासिंग है, पकड़ा गया।

इस कार्रवाई ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है, क्योंकि मामले में बलौदाबाजार जिले के लवन क्षेत्र के एक सरपंच का नाम सामने आ रहा है। सूत्रों के अनुसार, सरपंच खुद वाहन में मौजूद था और भीड़ के हंगामे के बीच मौके से फरार हो गया। इससे सरपंच की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं।





### प्रशासन पर सवालिया निशान

ग्रामीणों का कहना है कि बलौदाबाजार जिले में लंबे समय से मवेशी तस्करी का अवैध कारोबार चल रहा है, लेकिन पुलिस प्रशासन इस पर आंखें मूंदे बैठा है। अब सरपंच का नाम सामने आने से मामला और गंभीर हो गया है।

### सरपंच पर गंभीर आरोप

पुलिस जांच में वाहन का कनेक्शन बलौदाबाजार जिले के लवन क्षेत्र के सरपंच से जुड़ रहा है। कार्यकर्ताओं का दावा है कि सरपंच खुद तस्करी में शामिल था और कुछ लोग उसे छुड़ाने भी पहुंचे थे। हालांकि वह मौके से भागने में सफल रहा।

### कैसे पकड़ा गया वाहन

गांव के नारायण पटेल ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना दी कि माजदा वाहन में अवैध रूप से मवेशी भरे जा रहे हैं। रात करीब 10.30 बजे कार्यकर्ताओं ने वाहन को रोककर जांच की तो मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे और उनके पास कोई दस्तावेज नहीं मिले।

### ड्राइवर गिरफ्तार मालिक फरार

गुस्साई भीड़ ने वाहन चालक और मालिक की पिटाई कर दी। इसी दौरान मालिक मौका देखकर भाग निकला। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना देकर वाहन और चालक को सौंप दिया। पुलिस ने ड्राइवर सुरेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन मालिक समेत अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

# निर्माणाधीन नाली के स्लैब गिरने पर ठेकेदार को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, नगरपालिका ने ठेकेदार से मांगा जवाब
- तीन दिन में स्पष्टीकरण नहीं देने पर होगी सख्त कार्रवाई

वार्ड क्रमांक 25 में चर्च से रेलवे क्रॉसिंग तक बन रही आर.सी.सी. नाली के निर्माण कार्य के दौरान दीवार और स्लैब गिरने की घटना को नगरपालिका प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। नगर पालिका सीएमओ जफर खान ने ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत जारी कार्य आदेश क्रमांक 53, दिनांक 8 अप्रैल 2025 के तहत यह निर्माण कराया जा रहा था।



नोटिस में उल्लेख है कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं किया गया, जिससे नाली गिर गई और गुणवत्ता में स्पष्ट खामी सामने आई। ठेकेदार को 3 दिवस में संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है, अन्यथा रिस्क एंड कॉस्ट प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया कार्य को गुणवत्ताविहीन मानते हुए ठेकेदार से पूछा गया है कि क्यों न उसके विरुद्ध काली सूची में नाम दर्ज कर, पुनः निविदा प्रक्रिया शुरू की जाए।

# वृद्धा को बाइक ने मारी टक्कर, पैर टूटा, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

ग्राम खपरीडीह में उस समय हड़कंप मच गया जब एक वृद्ध महिला को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे की है। 70 वर्षीय त्रिवेणी केवट पति रहसु केवट, जो नहाने के बाद घर लौट रही थीं, उन्हें एक लाल-ब्लैक पल्सर बाइक (सीजी 11 बीक्यू 4048) सवार ने पीछे से ठोकर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वृद्धा सड़क पर गिर पड़ीं और उनका एक पैर टूट गया। बाइक सवार मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने आवाज सुनकर दौड़कर महिला को देखा और तत्काल



एम्बुलेंस बुलाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरपाली भेजा। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए महिला को बलौदाबाजार रेफर किया गया।फिलहाल महिला का इलाज बलौदाबाजार अस्पताल में जारी है। परिजनों ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों की तत्परता से बची जान

घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों ने त्वरित प्रतिक्रिया दिखाई। महिला की चीख सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और उन्हें तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया। साथ ही, बिना नंबर प्लेट की लाल-ब्लैक पल्सर बाइक को गिधौरी पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। ग्रामीणों की सतर्कता के कारण घायल महिला को समय पर इलाज मिल सका।

# जोंक नहर में मिली लाश क्षेत्र में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

गिधौरी से टुण्डरा पहुंच मार्ग पर मंगलवार को समय 1 बजे के आसपास जोंक माईनर नहर में एक व्यक्ति की लाश तैरते हुए काम करने गये ग्रामीणों की नजर पडी। जहां इलाके में सन सनसनी फैल गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार करीबन 1 बजे के आसपास गिधौरी से टुण्डरा जाने वाली मार्ग पर जोंक माईनर नहर में एक व्यक्ति की शव तैरते हुए खेत में काम करने गये ग्रामीणों ने देखा और वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गया था तत्पश्चात गिधौरी थाना में घटना की जानकारी दिया गया ।

मौके पर पहुंचे गिधौरी पुलिस ने शव को नहर बाहर निकाला और मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों जानकारी साझा किया गया जिसमें मृतक की शिनाख्त ग्राम खपराडीह थाना गिधौरी निवासी सेवकराम मनहरे पिता धनेशराम मनहरे 40 वर्ष के रुप में हुआ। मृतक घर से अलग अकेला रहता था और राजमिस्त्री का काम करते थे। मृतक



के परिजनों को घटना की खबर दिया गया था। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस ने शव की पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । जहां शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है । मामले की जांच पुलिस द्वारा किया जा रहा है मृतक नहर में कैसे डुबी, हत्या या आत्महत्या है इसका पुष्टि पीएम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आयेगी। फिल हाल समाचार लिखे जाने तक गिधौरी पुलिस जांच में जुटी हुई है।




### राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

# जिले के खिलाड़ियों ने जीते 7 मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिले के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में दुर्ग में आयोजित राज्यस्तरीय कूडो प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे खिलाड़ियों ने 7 मेडल्स जीतकर जिले का नाम रोशन किया है।मेडल विजेता खिलाड़ी आगामी अक्टूबर माह में सूरत (गुजरात) में आयोजित नेशनल और इंटरनेशनल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिले के मेडल विजेता खिलाड़ियों ने कलेक्टर दीपक सोनी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री सोनी ने मेडल विजेता कूडो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर



आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कोच ईशान महंत ने बताया कि जिले की ओर से 8 खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए इनमें से 7 खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब रहे ।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिव्या महंत ने 54 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण, तनिष्क ने 35 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण,अतीक्षा महंत ने 21 किलोग्राम वर्ग में रजत, टिकेश्वर पटेल ने 54 किलोग्राम वर्ग में रजत,दामिनी ने 45 किलोग्राम वर्ग में रजत,राहुल पटेल ने 18 किलोग्राम वर्ग में कांस्य और ईशान महंत ने 68 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता।

### जापानी मिश्रित मार्शल आर्ट है कुडो

कुडो खेल मूलतः जापानी मिश्रित मार्शल आर्ट की श्रेणी में आता है जिसमें पारंपरिक कराटे, जूडो, जुजुत्सु, मय थाई और किकबॉक्सिंग की तकनीकों का एक सुरक्षित, आधुनिक और व्यावहारिक संयोजन किया जाता है। इस खेल में खिलाड़ी डोगी (विशेष वर्दी), हेडगियर, बैंडेज, माउथगार्ड और प्लेक्सीग्लास शील्ड पहनते हैं ताकि चेहरे और मस्तिष्क को गंभीर चोटों से बचाया जा सके। यह खेल हाथ-पैर, सिर और धड़ से हमला करने, शरीर के विभिन्न हिस्सों से विरोधी को टैकल करने और फेंकने (जूडो) या जमीन पर पटकने (कुश्ती) की तकनीकों का मिश्रण है।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर में सैकड़ों ने लिया भाग

**रायपुर।** ईद मिलादुन्नबी के शुभ अवसर पर छत्तीगसढ़ मुस्लिम तेली बिरादरी सीटीबी फाउंडेशन तथा जयदीप ब्लड रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ईदगाहभाठा स्थित मुस्लिम सामुदायिक भवन में लगाया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और 8 विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ प्राप्त किया। शिविर स्थल पर ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुस्लिम समाज सहित अन्य समुदायों के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 73 यूनिट रक्तदान किया। संस्था ओर से सभी रक्तदाताओं को हेलमेट एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीटीबी फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य अजहरुद्दीन भिनसरा, जाफर खोखर, रफीक भाटी, साजिद भिनसरा, फयाज चौहान, हाजी रफीक चौहान आदि की विशेष भूमिका रही।

### भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती 15 को

**रायपुर।** संयुक्त अभियंता आयोजन समिति द्वारा 15 सितंबर को महान अभियंता भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 165वीं जयंती मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम स्थानीय सक्रिट हाऊस के समीप विश्वेश्वरैया चौक सिविल लाइंस में होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतिदिन शाम 6 बजे बैठक सिविल लाइंस स्थित जल संसाधन विभाग परिसर में होगी। यह जानकारी समिति के प्रभारी इंजी. पीके खरे ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर राज्य स्तर पर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इंजीनियर ऑफ द ईयर-2025 का सम्मान प्रेक्टिसिंग इंजीनियर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आमंत्रित प्रविष्टियों को निर्धारित समिति द्वारा चयनित कर प्रदान किया जाएगा। इस अवार्ड के लिए आवेदन प्रविष्टि इंजी. योगेश शर्मा, लवकुश विहार, चौबे कॉलोनी को 11 सितंबर तक भेज सकते हैं।

श्री खरे ने बताया कि रत्न डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया एक प्रख्यात इंजीनियर और राजनेता थे। उन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत के निर्माण में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 1955 में देश के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया गया था। वे हैदराबाद शहर की बाढ़ सुरक्षा प्रणाली के मुख्य डिजाइनर थे और मुख्य अभियंता के तौर पर मैसूर के कृष्ण सागर बांध के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई थी।

### श्रीवास्तव औद्योगिक न्यायालय के अध्यक्ष बनाए गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक न्यायालय के अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति की गई है। हाईकोर्ट की अनुसंशा पर राज्य शासन के विधि विधायी विभाग द्वारा सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है। वर्ष 2024 से यह पद रिक्त था। आदेश जारी होने के बाद उन्होंने अपना कार्यभार गहण कर लिया है।

### राज्यपाल ने डॉ. हजारिका को अर्पित की पुष्पांजलि

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में सोमवार को प्रख्यात गायक, संगीतज्ञ एवं कवि, भारत रत्न स्व. डॉ. भूपेन हजारिका की शताब्दी जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजभवन में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने डॉ. हजारिका के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राजभवन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी महान कलाकार को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि भूपेन हजारिका जी का जीवन और योगदान हमें प्रेरणा देता है।

# 25 सालों में पहली बार... बीएड में छात्रों का टोटा, डीएलएड के लिए अर्जियों की बाढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य निर्माण के बाद पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है, जब प्रदेश के बीएड महाविद्यालयों को छात्र नहीं मिल रहे हैं। इसके उलट डीएलएड पाठ्यक्रमों में आवेदनों की बाढ़ आ गई है। अब तक बीएड पाठ्यक्रम छात्रों की पहली पसंद होते थे, जबकि डीएलएड पाठ्यक्रमों की सीटें भरने अंतिम चरण तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी।

प्रदेश में बीएड पाठ्यक्रम की 14 हजार 550 सीटें हैं, जबकि डीएलएड की 6 हजार 610 सीटें हैं। इसके लिए 29 अगस्त से 4 सितंबर तक आवेदन मांगे गए थे। बीएड के निए 24 हजार 400 छात्रों ने ही पंजीयन कराया है। जबकि अन्य वर्षों में यह संख्या 40 हजार के पार होती थी। डीएलएड के लिए एससीईआरटी को 62 हजार आवेदन मिले हैं, जबकि इसकी प्रदेश में मात्र 6 हजार 610 सीटें ही हैं।

इसी तरह बीएबीएड और बीएससीबीएड के लिए 900 के लगभग छात्रों ने ही पंजीयन कराया गया। प्रदेश में इसकी 250 सीटें हैं। शिक्षा महाविद्यालय संचालकों के अनुसार, पंजीयन संख्या को देखते हुए इस वर्ष बीएड की सीटें पूर्ण रूप से भरना जटिल प्रतित हो रहा है। प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन के लिए केवल डीएलएड उपाधिधारकों को पात्र किए जाने का असर आवेदन संख्या पर दिख रहा है।

## आज जारी होगी प्रथम सूची, दावा आपत्ति कल तक

### नवंबर तक चलेगी प्रक्रिया

बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए काउंसिलिंग एससीईआरटी द्वारा की जा रही है। दो चरणों में सीट आवंटन तय किया गया है। प्रथम चरण के लिए आवेदन मंगाए जाने के बाद प्रथम सूची 9 सितंबर को जारी होगी। जारी सूची पर अभ्यर्थी 10 सितंबर तक दावा आपत्ति कर सकेंगे। इसके पश्चात 11 सितंबर को फाइनल सूची जारी की जाएगी। छात्रों को प्रवेश के लिए 15 सितंबर तक का समय मिलेगा। प्रथम चरण की काउंसिलिंग में भी तीन चरण होंगे। दूसरे चरण की सूची 18 सितंबर तथा तीसरे चरण की सूची 25 सितंबर को जारी होगी। छात्रों के प्रवेश पश्चात रिक्त सीटों की जानकारी 30 सितंबर को अपलोड की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण के लिए पंजीयन 1 से 5 अक्टूबर तक चलेगा।द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में दो चरण ही होंगे। यह प्रक्रिया 7 नवंबर तक चलेगी।



### नवीन पदों का सृजन नहीं

शिक्षकों के नए पद सृजित नहीं होने, युक्तियुक्तकरण तथा डीएलएड पात्रता के संदर्भ में कोर्ट के आदेश का असर बीएड आवेदन पर दिखा है। युवा नौकरी की गारंटी वाले पाठ्यक्रम में ही दाखिला चाहते हैं।

*- **राजीव गुप्ता**, संयोजक, शिक्षा महाविद्यालय संघ*

# पेट्रोल के लिए हेलमेट जरूरी पर कई पंपों में सुविधाओं की कमी

## नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं, इसकी भी जांच नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के पेट्रोल पंपों में हेलमेट को लेकर सख्ती बरती जा रही है। पंपों में बिना हेलमेट पहने पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। इस सख्ती को पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने जन जागरूकता का नाम दिया है, लेकिन देखने वाली बात यह है कि पेट्रोल पंपों के संचालक क्या स्वयं कंपनियों के बनाए नियमों का पालन कर रहे हैं, क्या ग्राहकों को फ्री पेजयल, फ्री हवा एवं फ्री शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। ये सभी सुविधा नियम से पेट्रोल पंप खोलने की शर्तों में शामिल हैं। हरिभूमि ने सोमवार को शहर में संचालित कई पेट्रोल पंपों में ग्राहकों को दी जाने वाली सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान कहीं फ्री हवा तो कहीं शौचालय की असुविधा देखने को मिली।

***पेट्रोल पंपों में नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच तक नहीं हो रही :*** पेट्रोल पंपों में कंपनियों के बनाए नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी जांच हो रही है या नहीं, यह बड़ा सवाल बना हुआ है, क्योंकि पेट्रोलियम कंपनियों को अब फ्री होल्ड कर दिया गया है। इस नए नियम के तहत राज्य सरकार एवं प्रशासन से पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं है। अभी तक पेट्रोल खोलने के लिए पेट्रोल कंपनी के साथ जिला प्रशासन के खाद्य विभाग से भी लाइसेंस लेना पड़ता था। इसके तहत विभाग पेट्रोल पंपों पर निगरानी भी रखता था, लेकिन नए नियम के तहत अब खाद्य विभाग ना ही लाइसेंस दे रहा है और ना ही पेट्रोल पंपों पर निगरानी रखी जा रही है।

**केस 1**

पचपेड़ी नाका ओवरब्रिज के पास स्थित पेट्रोल पंप में फ्री हवा की व्यवस्था तो की गई है, लेकिन यह बंद रहा। यहां के अन्य कर्मचारी ने बताया कि हवा भरने वाला कर्मचारी अवकाश पर है।




**केस 2**

राजेंद्रनगर अरिहंत काम्पलेक्स के बगल में संचालित पेट्रोल पंप में रेनोवेशन का काम चल रहा है। इस कारण यहां भी फ्री हवा पाइंट बंद मिला। यहां के एक कर्मचारी ने बताया कि पेट्रोल पंप में कई साल से एक ही शौचालय है, जिसके कारण पुरुष और महिला कर्मचारी सहित ग्राहकों को इस शौचालय का उपयोग करने में दिक्कत हो रही थी। रेनोवेशन में अब दोनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए जा रहे हैं।

### एनओसी अवधि समाप्त होने की जांच भी नहीं

जिले में ऐसे कई पेट्रोल पंप हैं, जो सालों पहले खुले हैं। इन पेट्रोल पंपों के संचालकों ने लाइसेंस लेने के साथ फायर विभाग एवं यातायात विभाग से भी एनओसी लिया था। सूत्र के अनुसार यह एनओसी 3 साल से लेकर 10 साल तक के लिए दी जाती है। इनमें से अब कितने पेट्रोल पंप की एनओसी समाप्त हो चुकी है, कितनों ने दोबारा एनओसी नहीं लिया है, इसकी भी जांच नहीं की गई है।

### सुरक्षा मानकों का पालन नहीं

पेट्रोल डिपो की स्थापना के लिए स्थल चयन में सख्त सुरक्षा मानकों का पालन किए जाने का प्रावधान है। इसके तहत 250-300 मीटर की सुरक्षा दूरी के साथ डिपो को किसी भी आवासीय या भीड़ वाले क्षेत्रों से दूर रखा जाना है। ऐसा इसलिए ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना से मानवीय जीवन और संपत्ति पर असर न पड़े, लेकिन शहर में ऐसे कई पेट्रोल पंप हैं, जिन्हें खोलने में इस नियम का पालन नहीं हुआ है।

### नियमों के पालन की जांच पेट्रोलियम कंपनियां करेंगी

पेट्रोल पंपों में नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच अब पेट्रोलियम कंपनी ही करेगी। पहले खाद्य विभाग लाइसेंस जारी करता था, साथ ही निगरानी भी रखता था। अब विभाग लाइसेंस जारी नहीं करता, इसलिए शिकायतों की जांच, समस्या का निराकरण भी कंपनी ही करेगी।

*- **भूपेंद्र मिश्रा**, जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर*

# असौंदा में हुआ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

तिल्दा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत असौंदा शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला में महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक पार्वती वर्मा व अनुज गुप्ता गढबो बचपन जिला समन्वयक के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें बालिकाओं के सुरक्षा, बच्चों के अधिकार, गुड़ टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट, लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही साथ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के सम्बन्ध में भी विस्तृत जानकारी दी गई तथा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए संकल्प लिया गया । जिसे सभी छात्र-छात्राओं ने ध्यान पूर्वक आत्मसात किया। तथा आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती व शिशुवती माताओं और ग्रामीणों को महिला बाल विकास विभाग के योजनाओं की जानकारी दी गई । जिसके अंतर्गत 6 माह पूर्ण किए बच्चों का अन्न प्रसन्न किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोद भराई की गई।

इस अवसर पर ग्राम के सरपंच जितेन्द्र चन्द्राकर, के प्रधान पाठक रमेश कुमार वर्मा, शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा, सोहनलाल चंद्राकर, पुरुषोत्तम टंडन, नीलिमा सावरगाँवकर, राम गुलाल दीवान, मनोज कुमार चेलक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्रोपदी वर्मा, और नंदनी वर्मा, पार्वती वर्मा, भारती साहू सहायिका के साथ समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे । कार्यक्रम में आभार व्यक्त संस्था के शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया।

# सेमेस्टर आवेदन प्रारंभ, नहीं बदल सकेंगे परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने दिसंबर सत्र के लिए इग्नू सत्रांत परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। ऑनलाइन दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन कार्यक्रमों के लिए सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन पत्र आधिकारिक वेबसाइट exam.ignou.ac.in. के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। दिसंबर सत्र की टर्म-एंड परीक्षाएं 1 दिसंबर से आयोजित की जाएंगी। परीक्षा पेन और पेपर के साथ-साथ कंप्यूटर-आधारित परीक्षा (सीबीटी) मोड में आयोजित की जाएगी। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है, दिसंबर, 2025 की टर्म-एंड-परीक्षा के लिए पात्र छात्रों द्वारा परीक्षा फॉर्म (टीईई, प्रोजेक्ट सबमिशन और प्रैक्टिकल परीक्षा) जमा करने के लिए ऑनलाइन लिंक पहले से ही खुला है। इग्नू टीईई दिसंबर 2025 के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने का लिंक 6 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के सक्रिय है। जो अभ्यर्थी समय सीमा से चूक जाते हैं, वे भी 1,100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 20 अक्टूबर तक अपने परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म भरते समय छात्रों को परीक्षा का तरीका, पाठ्यक्रम और परीक्षा केंद्र चुनना होगा।

- 6 अक्टूबर तक बिना विलंब शुल्क के कर सकते हैं आवेदन

### समर्थ पोर्टल के माध्यम से होंगे आवेदन

प्रायोगिक या प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों में शामिल होने के लिए पंजीकृत छात्रों को परीक्षा स्थल और कार्यक्रम के लिए अपने क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क करना होगा। आधिकारिक सूचना के अनुसार, समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरने के मद्देनजर, परीक्षा केंद्र में बदलाव के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। एक बार चुने गए पाठ्यक्रमों को परीक्षा फॉर्म जमा करने के बाद नहीं बदला जाएगा। जिन छात्रों ने इग्नू के छात्र पोर्टल पर पहले ही पंजीकरण करा लिया है, उन्हें परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए सिर्फ लॉग इन करना होगा। वहीं, जिन छात्रों ने अभी तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण नहीं कराया है, उन्हें पहले 'नया पंजीकरण' पर क्लिक करके पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा।

# गाली-गलौज का आरोप लगाकर चाकू मारने वाले को 10 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व मामूली विवाद पर गाली-गलौज करने का आरोप लगाकर युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी को कोर्ट ने 10 साल कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिंह की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 12 गवाहों को पेश किया गया। गवाहों के बयान के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई है।

- एक वर्ष पूर्व खमतराई थाना क्षेत्र की घटना

लोक अभियोजक आकाश अगाशे के अनुसार केतन साहू पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में महेश रात्रे को कोर्ट ने सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार घटना सात मार्च 2024 की है। घटना दिनांक को केतन अपने दो दोस्तों के साथ दोपहिया पर सवार होकर भनपुरी मार्केट से घर लौट रहा था। रात पौने 11 बजे रामेश्वर नगर के पास महेश ने केतन का रास्ता रोक कर उसके साथ गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए विवाद किया। विवाद के दौरान महेश ने जेब से चाकू निकालकर केतन पर हमला किया। बीच बचाव करने केतन का दोस्त मुवनेश्वर साहू पहुंचा, तो महेश ने उस पर भी चाकू से हमला किया। जेल जाने पर महेश ने गुटबाजी के कारण वहां भी चाकू चलाया था, जिसके कारण केतन को जगदलपुर जेल शिफ्ट करना पड़ा।

# त्योहारी सीजन शुरू होते ही विमानों में बढ़ी यात्रियों की संख्या, किराए पर दिखा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

त्योहारी सीजन की शुरुआत का हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की जेब पर भी असर होने लगा है। विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या बढ़ने लगी है, जिसका असर फ्लाइट फेयर पर नजर आने लगा है। पिछले 15 दिन में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से 91 हजार यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया है, जिसमें गणेशोत्सव की शुरुआत होने के साथ यात्रियों की भीड़ बढ़ी है।

- पितृपक्ष में थोड़ी कमी, दुर्गा पूजा प्रारंभ होते ही सफर के लिए लौटेंगे यात्री

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अभी पितृपक्ष में यात्रा करने वालों की संख्या में थोड़ी कमी आएगी, इसके बाद नवरात्रि शुरू होते ही पुनः यात्रियों की संख्या में इजाफा हो जाएगा। खासकर कोलकाता जाने वाले यात्रियों की संख्या काफी बढ़ जाएगी, क्योंकि उस अवधि के लिए अभी से टिकटों की बुकिंग शुरू हो चुकी है और फेयर 12-13 हजार तक पहुंच गया है। दूसरी ओर गणेशोत्सव के साथ त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ यात्रियों की संख्या 20 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रायपुर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे बड़े शहरों की उड़ान भरने वाली फ्लाइट लगभग फुल होकर चल रही है। इसका अनुमान विमानतल प्रबंधन द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से लगाया जा सकता है। रायपुर से 25 से 31 अगस्त के बीच कुल 45 हजार 400 यात्रियों ने आवाजाही की थी। वहीं 1 से 7 सितंबर के बीच यात्रियों की संख्या 45793 तक पहुंची, जल्दी ही संख्या 50 हजार के पार होने की संभावना है।



### विभिन्न शहरों का किराया

रायपुर से दिल्ली 9 हजार से 13 हजार लगभग
रायपुर से मुंबई 7500 से 13 हजार लगभग
रायपुर से कोलकाता 10 से 11 हजार लगभग
रायपुर से बेंगलुरु 7500 से 8500 लगभग

### यात्रियों के साथ किराया बढ़ना स्वाभाविक

ट्रैवल्स एसोसिशन फेडरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष रमन जादवानी के मुताबिक विमानों का किराया फ्लेक्सिबल पॉलिसी के निर्धारित होता है। यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ किराया बढ़ना स्वाभाविक है। पहले से बुकिंग टिकट पर इसका असर नहीं होता, मगर चौबीस घंटे पहले बुकिंग के लिए ज्यादा किराया देना पड़ता है। आने वाले दिनों इसका असर सामान्य रूप से दिखने लगेगा।

## मुख्य अतिथि गीता ने छात्राओं को दी प्रेरक सीख

# 53 छात्राओं को बांटी गई नि:शुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना के तहत ग्राम अर्जुनी में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 9 सितंबर को शाला प्रांगण में जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा शाला विकास समिति अध्यक्ष चित्ररेखा साहू सरपंच कविता भगेला ध्रुव उपसरपंच विष्णु साहू सहित शाला विकास प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षक शिक्षकों की उपस्थिति में 53 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी में आयोजित छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सभापति गीता डोमन वर्मा ने कहा कि गुरु के मार्गदर्शन में चलकर ही सपना साकार होगा शिक्षा के क्षेत्र में छात्राओं को किसी भी प्रकार का रुकावट ना आवे एवं शिक्षा को निरंतर रूप से बढ़ावा मिले छात्राएं स्कूल में अनुशासन बनाकर रहे एवं अपने माता-पिता के साथ विद्यालय का नाम रोशन करें। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चित्र रेखा साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देना और बालिकाओं को स्कूल छोड़ने की दर में कमी आना एवं सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल मिलने से बहुत ही हर्ष है। शिक्षाविद भवर सिंह साहू ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 53 छात्राओं को साइकिल वितरण हुआ है जिससे छात्राओं को आने जाने में सुविधा होगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर में गीता डोमन वर्मा जिला पंचायत सभापति, चित्ररेखा साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, प्राचार्य अवधेश वर्मा, सुखराम ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि शिक्षाविद भंवर सिंह साहू, प्रेमचंद वर्मा, उर्मिला वर्मा, गंगा प्रसाद यदु, मुकेश कुमार वर्मा, अर्जुन कश्यप, रवि सोनी, शीला मिश्रा, शशि प्रभा कुर्रे, लक्ष्मी ठाकुर, यासमीन अफरोज, कविता आडिल, जसवंत वर्मा, दिव्या शर्मा, तरुण वर्मा, पत्रकार कमलेश रजक, संजय रजक ,सहित विद्यालय के शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे तथा मंच संचालन मुकेश वर्मा ने किया और आभार व्यक्त प्राचार्य अवधेश वर्मा द्वारा किया गया।

# वन मंत्री के निवास का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों की पुलिस से झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मंत्री केदार कश्यप के चतुर्थ वर्ग कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बंगले का घेराव का प्रयास किया। गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन से सैकड़ों कार्यकर्ता बाइक रैली के रूप में मंत्री बंगले की ओर रवाना हुए। पुलिस ने उन्हें मोती बाग चौक के पास रोक लिया, जिसके कारण पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की स्थिति बनी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान मंत्री के इस्तीफे की जोरदार मांग करते हुए नारेबाजी की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, मंत्री केदार कश्यप द्वारा कर्मचारी के साथ किया गया दुर्व्यवहार लोकतंत्र के अपमान का प्रतीक है। जनता और कर्मचारियों का अपमान करने वाले मंत्री को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। हम उनके इस्तीफे की मांग पर अडिग हैं। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर जनता की आवाज़ बुलंद कर रहे हैं। यदि भाजपा सरकार मंत्री केदार कश्यप का बचाव करती है, तो यह साफ है कि वह जनता के सम्मान के बजाय अपने मंत्री की कुर्सी की रक्षा में जुटी है। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक इस्तीफा नहीं होता।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक सम्मान समारोह 11 को

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, विकासखण्ड संघ तथा तहसील इकाई तिल्दा के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन 11 सितम्बर 2025, गुरुवार को किया जाएगा। यह समारोह मंगल भवन प्रांगण, खरोरा में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर विकासखण्ड तिल्दा के सेवानिवृत्त एवं कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे — पद्मश्री अनुज शर्मा (विधायक धरसींवा)। विशिष्ट अतिथियों में नवीन अग्रवाल (अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर), टिकेश्वर मनहरे (अध्यक्ष, जनपद पंचायत तिल्दा), दुलारी सुरेन्द्र वर्मा, सुनिता अनिल सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष, सुमित सेन नगर पंचायत उपाध्यक्ष, सौरभ वर्मा जनपद सदस्य, सरोज मुकेश भारद्वाज, जनपद सदस्य, सीताराम यादव, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, सुनील नायक, संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ तथा मनीष देवानगन अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई रायपुर शामिल होंगे। समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति अपेक्षित है।

### पड़ोसी से विवाद मारपीट का केस दर्ज

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम उतेकेल में घर बनाने के दौरान पड़ोसी से विवाद होने पर मारपीट की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सचिन निषाद पिता बंशी लाल निषाद 21 साल निवासी उतेकेल ने पुलिस को बताया कि 7 सितम्बर को वे सुबह करीब 10 बजे मकान का डीपीसी बना रहे थे। इसी दौरान उनका पडोसी शंकर मलिक और गोपराज मलिक एक राय होकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। शंकर मलिक ने थप्पड़ भी मारा, घटना को मां सावित्री निषाद देखकर बीच बचाव करने आयी तो गोपराज मलिक गला को पकडकर दबा रहा था। गांव में मींटिंग करने के बाद 8 सितम्बर को थाने में शिकायत दर्ज करायी गई। पुलिस ने मामले में आरोपी शंकर मलिक, गोपराज मलिक के खिलाफ धारा 115(2) बीएनएस, 296 बीएनएस, 3(5) बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### नर्रा में विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम 17 को

**नर्रा।** ग्राम नर्रा में 17 सिंतम्बर दिन बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा उत्सव कार्यक्रम रखा गया है। भगवान विश्वकर्मा ब्रम्हांड का वास्तुकार माना जाता है, जिन्होंने सृष्टि के रचना और सजाने-संवारने का कार्य किया है। इसके जयंती पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार प्रकाश अवस्थी नाईट स्टार कार्यक्रम पंचायत भवन के सामने रखा गया है।

### वृहद रोजगार मेला 12 को

**महासमुंद।** जिला प्रशासन द्वारा शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 सितम्बर 2025 को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गांवों में बनी रहती है एकताः तुषार

**महासमुंद।** ग्राम मुस्की में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन रखा गया था। जिसमें भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू उपस्थित हुए। नवयुवक उत्सव समिति के सदस्यों ने तुषार साहू का पुष्प गुच्छ, चंदन, गुलाल लगाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में तुषार साहू ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गांवों में एकता बनी रहती है। सभी समुदायों को शामिल करने वाले त्योहारों, लोक संगीत और नृत्य, पारंपरिक खेलों और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित प्रदर्शनों का आयोजन किया जा सकता है, जो आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में कमलेश पटवारी, पोषण साहू, घनश्याम निषाद, सदानंद निषाद, संतोष हर्ष, शेष कुमार साहू आदि मौजूद रहे।

---

**आयोजन : शिक्षकों को किया गया सम्मानित, विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति**

# गुरु का सदियों से हो रहा है सम्मानः योगेश चन्द्राकर

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी**



नगर पंचायत पलारी के समीप स्थित ग्राम पंचायत बिनौरी में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। अतिथियों के स्वागत में विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा उपस्थित शिक्षको को शॉल, श्रीफल एवं क़लम भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर रहे, अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि संत कुमार साहू ने किया, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद, समाजसेवी व जिला सलाहकार राष्ट्रीय सेवा योजना संदीप पांडेय थे।

मुख्य अतिथि चन्द्राकर ने विद्यार्थियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु का सम्मान सदियों से चला आ रहा है, गुरु की महत्ता कभी नहीं हुई है, हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चों संस्कारवान बनाये साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों को भी अपने कर्तव्यों का पालन पूरी ईमानदारी से करना चाहिए। गुरु- शिष्य के बीच उचित संतुलन भी होना चाहिए। सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है, एक शिक्षक न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान देता है बल्कि उन्हें जीवन जीना भी सिखाता है। संदीप पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक का स्थान सदैव ऊँचा रहा है वे अपने ज्ञान व अनुभव से बच्चो को सदैव प्रकाशित करते रहा है। शिक्षा दूत हेमलाल साहू ने कहा कि सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन ऐसे महान विभूति थे, जिन्होंने अपने जन्मदिन को शिक्षको को समर्पित किया।

**शिक्षक हुए सम्मानितः** कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मीना वर्मा, नंदिनी टिकरिहा, सुरजा जलहरे, धनेश्वरी जांगड़े, कमल किशोर वर्मा, शांतनु साहू, पद्मा साहू, गरिमा आडिल, थानसेन कुर्रे, रामेश्वरी जलहरे, रामेश्वरी फेकर, रेखा वर्मा, राजेश्वरी साहू, घनश्याम प्रसाद साहू रहे। इस अवसर पर उपसरपंच सुरेश कुमार डहरिया, डॉ जितेंद्र कुमार साहू, सुखदेव सेन,मंजुलता ध्रुव, अलका टंडन, सरोज साहू, बुधारू राम साहू, हीरालाल मनहरे, मोहन भरद्वाज, राजकुमारी निराला, शैलेन्द्री बंजारे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शिक्षक दिवस के अवसर पर हुआ शिक्षकों का सम्मान



**मुंडा ।** शा.पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिचिरदा मे शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन शाला नायक जीवन पटेल व उप शाला नायक कु.देविका निषाद एवं कक्षा नायक के नेतृत्व मे शाला के समस्त विद्यार्थीयों द्वारा मनाया गया जिसमें सरपंच जितेंद्र प्रभुवा पूर्व सरपंच रामलाल पैकरा, पंचगण भरत निषाद, जेठूराम यादव, एस.एम.सी.के पूर्व अध्यक्ष सुखचरण निषाद, व गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए । उपस्थित सदस्यगण संस्था प्रमुख भीजराम वर्मा, मनोज कुमार ध्रुव, शिक्षक लता ध्रुव, प्यारेलाल बरेठ, नरदूराम पैकरा, रमेश कुमार दीवान, हरेंद्र साहू, जोगेश्वर चतुर्वेदी, पापूराम वर्मा, प्रभा वर्मा, प्रेम कुमार पटेल, डिगेश्वर साहू, देहुति दीवान, प्यारेलाल पैकरा का तिलक लगाकर व गुलदस्ते भेटकर स्वागत किया गया एवं क्रमशः छात्रो द्वारा पेन आदि भेंट किए गए सामुहिक रुप से बालक व बालिका द्वारा शिक्षको का छायाचित्र एवं मां सरस्वती का चित्र प्रदान किए गए । इस अवसर पर छात्रों ने शाला के शिक्षको के गुण गान पर गीत कविता के साथ अपने शाला पर गर्व महसूस होने की बात कही । संस्था प्रमुख भीजराम वर्मा ने छात्रों के सर्वांगीण विकास पर समुदाय शिक्षक पालक की सहभागिता पर चर्चा के साथ बच्चों को अपने जीवन लक्ष्य निर्धारित कर एकाग्रचित ध्यान केंद्रित करने की बात कही ।

### संकुल केंद्र में मना शिक्षक दिवस समारोह में 29 शिक्षक हुए सम्मानित



**लवन ।** शासकीय हाई स्कूल तुरमा में संकुल स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस समारोह में संकुल केंद्र के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भाग लिया कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से की गई । प्राचार्य सतीश कुमार पटेल ने बताया कि शिक्षक की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक वह दीपक है, जो स्वयं जलकर समाज को ज्ञान का प्रकाश देता है।

संकुल प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सीखते हैं वे छात्रों को एक बेहतर नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। मंच संचालन संकुल समन्वयक गंगाराम ध्रुव ने किया। इस अवसर पर संकुल के सभी शिक्षक एवं प्रधान पाठकों



को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक अब्दुल सलाम खान, शत्रुघ्न दास मानिकपुरी, कामता प्रसाद जायसवाल, लखेश्वर खरसाने और शिक्षक गण पेशी राम भोई, विश्राम सागर चेलक, महेंद्र ध्रुव, सुनील कोशले, कृष्ण कुमार पैकरा, नारायण वर्मा, कमल शर्मा, विनोद चतुर्वेदी, राजेश कुमार वर्मा, नंदू साहू, विजय पैकरा, राकेश मरैया, भुपेंद्र, राजकुमार कथाकार, कुमारी कमलेश्वरी देवांगन, प्रीति देवांगन, मीरा बरिहा, होतेश्वरी वर्मा, रोशनी साहू, उमा साहू, सहित 29 शिक्षक,शिक्षिका को सम्मानित किया गया।

---

# राजस्व कोर्ट में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार**

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग में लंबित आवेदननो की समीक्षा करते हुए कोर्ट में लंबित प्रकरणों का समय - सीमा में निरकारण कराने के निर्देश दियेIकलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने अभियान चलाएं। इसके साथ है एक से 5 वर्ष तक लंबित प्रकरणों का तेजी से निरकारण करने तथा गति शक्ति अभियान के तहत रेलवे ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज हेतु भू अर्जन के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने एग्रीस्टेक पंजीयन में छूटे हुए किसनों का पंजीयन शीघ्र कराने के निर्देश क़ृषि विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होने डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी कार्य में प्रगति लाने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

### विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतने के दिये निर्देश

कलेक्टर ने जेम पोर्टल के माध्यम से शासकीय सामग्री खरीदी की समीक्षा करते हुए विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल पर खरीदी प्रक्रिया के लिए समिति गठित की गई है। विभाग द्वारा सामग्री खरीदी से पूर्व समिति से आवश्यक मार्गदर्शन व अनुमोदन प्राप्त कर लें। शासन के नियमों का शतप्रतिशत पालन करें। निविदा शर्तो में अपने से कोई भी कण्डिका न जोड़ें। बैठक में लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, शिकायत शाखा, आदि कर्मयोगी अभियान, रजत महोत्सव,समय - सीमा के आवेदनों का विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते एवं अवध राम टंडन सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला, 1458 पदों पर होगी भर्ती

**बलौदाबाजार ।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 28 नियोजकों द्वारा अपनी अपनी संस्थानों के विभिन्न पदों (आईटी सेक्टर हॉस्पिटल, बीमा, फॉयर सेफ्टी सिक्योरिटी सेक्टर, फुड्स प्रोसेसिंग, इंडस्ट्रीज सेक्टर सेल्स, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर, मुंशी, मैनेजर, सुपरवाइजर, एकाउंटेंट मिल आपरेटर लेवर एवं अन्य पद पर कार्य करने हेतु 1236 पद एवं अप्रेंटिसशिप के लिये 3 नियोजको द्वारा 222 पदों पर भर्ती हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। वेतन 7 हजार से लेकर 35 हजार रुपए तक देय होगा। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार में उपस्थित होकर या दूरभाष नम्बर पर संपर्क कर सकते है।

---

# वोट चोर गद्दी छोड़ नारे के साथ निकले भूपेश का चंदेरी में स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा/ सिमगा**

राज्य की राजनीति में कांग्रेस ने एक बार फिर ताकत दिखाते हुए जनसमर्थन की लहर पैदा कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान के तहत बिलासपुर की ओर रवाना हो रहे थे, तो चंदेरी कस्बे में उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस स्वागत का नेतृत्व क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने किया।

जनता और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़, नारेबाजी, और पुष्पवर्षा के बीच बघेल का स्वागत किसी विजय रैली से कम नहीं था। बघेल को कंधों पर उठाकर कार्यकर्ताओं ने अपना समर्थन जताया और भाजपा सरकार को चेतावनी दी – वोट चुराकर गद्दी पाई है, अब जनता गद्दी से उतारेगी।



### कांग्रेस ने साधा निशाना, भाजपा पर गंभीर आरोप

अपने भाषण में भूपेश बघेल ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जनता का वोट चुराकर भाजपा ने सत्ता हासिल की है। लेकिन लोकतंत्र में चोरी ज्यादा दिन नहीं टिकती। अब जनता खुद इन वोट चोरों को गद्दी से उतारेगी। कांग्रेस नेताओं ने भी आरोप लगाए कि भाजपा सरकार महँगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और किसान विरोधी नीतियों के दम पर प्रदेश को गर्त में धकेल रही है। इसके विपरीत, भूपेश बघेल सरकार की योजनाएं जैसे धान खरीदी, कर्जमाफी, गोधन न्याय योजना आज भी जनता के दिलों में बसी हुई हैं।

भूपेश बघेल के स्वागत के दौरान क्षेत्र का माहौल पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंग गया था। "किसान–मजदूर का मसीहा कौन? – भूपेश बघेल" जैसे नारों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने साफ संदेश दे दिया कि बघेल ही उनके लिए उम्मीद की किरण हैं। पुष्पवर्षा, पारंपरिक वेशभूषा और ढोल-नगाड़ों के साथ हुए स्वागत ने स्थानीय राजनीति को गरमा दिया है। इस अवसर पर कांग्रेस के कई बड़े नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहेः विधायक ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, गिरीश देवांगन, विद्या भूषण शुक्ला, सुशील शर्मा, सन्नी अग्रवाल, ईश्वर सिंह ठाकुर, दिवाकर मिश्रा, सहित 60+ नेता और कार्यकर्ता मंच पर मौजूद थे। स्थानीय जनता का उत्साह भी देखने लायक था, जिसने यह साबित किया कि कांग्रेस का जनाधार अब भी मज़बूत है।

---

# डी के महाविद्यालय में हुआ अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन छात्रवृत्ति कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार**

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन छात्रवृत्ति कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रथम वर्ष नवप्रवेशित छात्राओं तथा शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी प्रतिभा संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए।

अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ अब्दुल वाहिद ने छात्रवृत्ति की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा इसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा में प्रवेश प्राप्त छात्राओं को तीस हजार रुपए का छात्रवृति प्रदान किया जाएगा। आवेदन 10 सितंबर से 30 सितंबर तक अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के वेबसाइट के माध्यम से लिए जाएंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा एवं कौशल एवं रोजगार विकास प्रभारी सहायक प्राध्यापक प्रताप सिंह चौहान ने छात्राओं को इस छात्रवृति योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# हाई स्कूल में 30 छात्राओं को सायकल वितरण





**हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी**

मंगलवार को धमनी हाई स्कूल के नवमी कक्षा में अध्ययनरत 30 बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया है। साइकिल पाकर छात्राए फुले नही समाई और उसी साइकिल चलाते हुए खुश होकर घर के ओर चल दिये। इस अवसर मुकेश चौहान मुख्य प्रधानाचार्य ने शासन द्वारा संचालित निः शुल्क साइकिल योजना के बारे में बताया। इस दौरान सरपंच हरदयाल पैकरा, जनपद सदस्य चंद्रकुमार पैकरा, दिनेश धैर्य, चोलाराम नेताम, वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव, सचिव दीनदयाल कनौजे, हाईस्कूल अध्यक्ष कुमार पटेल उपस्थित रहे है। सायकल पाकर छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

---

**स्कार्फ पहनाकर अतिथियों का स्वागत, स्काउटिंग को जीवनशैली बनाने का संकल्प**

# भारत स्काउट एंड गाइड संघ का शपथ ग्रहण समारोह

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा**



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ सिमगा का शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रथम बैठक सोमवार 8 सितम्बर को जनपद पंचायत सिमगा के सभागार में सम्पन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया गया। तत्पश्चात नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। प्रमुख एजेंडा में विभिन्न विद्यालयों में स्काउट-गाइड गतिविधियों का संचालन, नए सदस्यों को जोड़ने संबंधी निर्णय, द्वितीय सोपान जांच शिविर के आयोजन पर चर्चा शामिल रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंद्रमणि तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ सिमगा के अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करते हुए मुझे अपार हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है।

यह संगठन केवल एक संस्था नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और अनुशासन की भावना का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह दायित्व केवल पद का नहीं है, बल्कि हमारे समाज और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा हुआ है। स्काउटिंग और गाइडिंग केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। यह बच्चों और युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग और राष्ट्रीयता की भावना जागृत करता है। हमारा संकल्प है कि हम सब मिलकर स्थानीय संघ सिमगा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे। साथ ही सभी विद्यालयों में स्काउट-गाइड गतिविधियों को सक्रिय और नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। इस संगठन के मूल मंत्र सेवा ही सर्वोपरि है को अपना संकल्प मानकर कार्य करने का वचन देता हूँ।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में स्थानीय संघ सिमगा के संरक्षक तहसीलदार अनुराग भट्ट, जनपद पंचायत सिमगा अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, पूर्व अध्यक्ष एवं सलाहकार आनंद यादव, जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, उपाध्यक्ष खोमलाल साहू, द्वारिका वर्मा, विनीता जोगी, प्रेमलता वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी. एस. ठाकुर, राकेश सिंह, इनूराम वर्मा, अजय कुमार उपाध्याय, राजनीकला पाटकर, मनीष कुमार बघेल, धरमपाल डहरिया, जगदीश वस्त्रकार, रूपेश कुमार पशीने, सावित्री वर्मा, खुशबू यदु, खोमेश्वरी, विनिषा उपाध्याय, हरिशंकर वर्मा, सत्यप्रकाश जोगी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं जनसमूह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन संघ के सचिव धनेश्वर प्रसाद वर्मा ने किया।

---

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम चिचोली प.ह.नं. 20 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है आवेदक श्री इंन्द्रजीत गुम्बर पिता करतार सिंग गुम्बर जाति सीख साकिन चिचोली प.ह.नं. 20 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत आवेदन पेश किया गया है, कि अपने दादा स्व. निहाल सिंग गुम्बर पिता मुलराज गुम्बर का मृत्यु दिनांक 01/02/1970 में ग्राम चिचोली में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवशः आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 12/09/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 25/08/2025 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण व आम जनता निवासी ग्राम चिचोली प.ह.नं. 20 तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) को सूचना प्रकाशित किया जाता है आवेदक श्री इंन्द्रजीत गुम्बर पिता करतार सिंग गुम्बर जाति सीख साकिन चिचोली प.ह.नं. 20 ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत आवेदन पेश किया गया है, कि अपने पिता स्व. करतार सिंग गुम्बर पिता निहाल सिंग गुम्बर का मृत्यु दिनांक 04/12/1978 में ग्राम चिचोली में हुआ है। जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवशः आज तक दर्ज नहीं करा पाये है जिसका मृत्यु पंजीयन का प्रमाण पत्र प्रदान करने बाबत निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त के मृत्यु पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो दिनांक 12/09/2025 तक अपना आपत्ति एवं दावा कर सकते है। तत्पश्चात बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावों पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

अतः दिनांक 25/08/2025 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
05 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
द बंगाल फाइल्स
शो समय - 12:00,6:00 PM
परम सुंदरी
शो समय - 03:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# पूंजी बाजार से जुड़ाव, वैकल्पिक वित्त की समझ और आर्थिक सशक्तिकरण की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को पारंपरिक बैंकिंग विकल्पों के अतिरिक्त वैकल्पिक वित्तीय स्त्रोतों की जानकारी देने एवं उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से भाटापारा में वैकल्पिक वित्तपोषण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय एवं विश्व बैंक द्वारा संयुक्त रूप से वित्तपोषित रैम्प (रेशिंग एण्ड ऐसेलरेंटिंग एमएसएमई परफोमेंश) योजना के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यक्रम में मनीष अरोरा ने रैम्प योजना का परिचय देते हुए बताया कि यह योजना एमएसएमई को वित्तीय, बाज़ार एवं संस्थागत सशक्तिकरण के माध्यम से प्रतिस्पर्धी व सतत विकास की दिशा में बढ़ाने हेतु क्रियान्वित की जा रही है।

श्रीया डे एवं उनके अन्य सहयोगियों ने क्रेडिट ऑनलाईन के बारे में बायर-सेलर के पंजीयन, वर्किंग कैपिटल, बिल डिस्काउंटिंग की प्रक्रिया और समयबद्ध भुगतान की सुविधा पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि टीआईडीएस प्लेटफॉर्म एमएसएमई को विलंबित भुगतानों से राहत दिलाने और नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने का प्रभावी माध्यम है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के उर्मिलेश ने एनएसई इमरेज प्लेटफॉर्म पर सूचीकरण की प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं इससे एमएसएमईएस को होने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी।

## रैम्प योजना के तहत वैकल्पिक वित्तपोषण पर हुई कार्यशाला

### इन्होंने लिया भाग

कार्यशाला में महाप्रबंधक गुणेश्वरी साहू, कार्यकारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स सुरेश भंसाली, दाल मिल एसोसियेशन के अध्यक्ष नरेश आर्य, अनिल रोचलानी सहित जिले के 30 से अधिक एमएसएमई उद्यमियों, सीए और अन्य हितधारकों ने भाग लिया।



### आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

कार्यशाला में प्रतिभागियों ने विषय की उपयोगिता पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आग्रह किया कि ऐसी व्यावहारिक जानकारियों से युक्त कार्यशालाओं का आयोजन भविष्य में भी किया जाए। यह कार्यशाला एमएसएमई इकाइयों के लिए पूंजी बाजार से जुड़ाव, वैकल्पिक वित्त की समझ और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

## खबर संक्षेप

### साक्षी व प्रीयल को पीजीडीसीए में मिला डिस्टिंक्शन





**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी रोड़ भाटापारा में पीजीडीसीए परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा, महाविद्यालय की छात्रा साक्षी साहू 77.9 प्रतिशत तथा प्रीयल वर्मा को 75.7 प्रतिशत के साथ पीजीडीसीए में डिस्टिकशन अंक प्राप्त हुआ। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट महाविद्यालय में पीजीडीसीए के छात्र-छात्राओं ने पीजीडीसीए कोर्स उत्कृष्ट अंको से उत्तीर्ण किया है। महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला ने बताया पीजीडीसीए कोर्स उत्तीर्ण करने के पश्चात विद्यार्थी विभिन्न शासकीय गैरशासकीय कार्यालय में कम्प्यूटर विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देते है स्वरोजगार प्राप्त करते हैं। महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला प्राचार्य डॉ वंदना चौहान, विभाग प्रमुख वैभव गुप्ता तथा समस्त स्टॉफ ने छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना कि है।

### भाटापारा में मनाया गया राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

**भाटापारा।** मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी जिला - बलौदाबाजार भाटापारा डॉ राजेश अवस्थी एवं बीएमओ डॉ राजेंद्र माहेश्वरी,सिविल अस्पताल भाटापारा डॉ सुष्मा माहेश्वरी नेत्र रोग विशेषज्ञ भाटापारा के मार्गदर्शन में 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक के सभी प्राथमिक. स्वा. केंद्र में एवं सिविल अस्पताल में नेत्र दान पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया तथा ब्लॉक के स्कूलों में बच्चों के आँखों का जाँच कर बाल नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी नेत्र सहायक अधिकारी किस्मत गुलेरी, सारिक हैदरी, नोहर राकेश, वंदना प्रसाद, पद्मिनी सिंगरोल, उपस्थित रहे।

### जीएनए कॉलेज में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**भाटापारा।** शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में रेड रिबन क्लब द्वारा वार्षिक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 8 सितम्बर को किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज ने एचआईवी से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भाटापारा से काउंसलर फरहात मिर्जा ने एचआईवी संक्रमण से बचाव के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। चिराग वेलफेयर सोसायटी के काउंसलर सुलोचना देवांगन एवं महिला बाल विकास विभाग से नम्रता साहू ने भी महिला स्वास्थ्य एवं उस पर एचआईवी संक्रमण से होने वाली समस्याओं पर चर्चा किया।उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजन तिवारी ने एवं आभार प्रदर्शन सुश्री इंद्राणी मरकाम ने किया।

### चॉइस सेंटर में चोरी वीडियो में दिखा चोर

**महासमुंद।** तुमगांव के महावीर चॉइस सेंटर से चोरी की शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चोरी की घटना कैमरे में कैद हो गई है, वीडियो में नकाबपोश चोर घुसकर चोरी करते दिख रहा है। वार्ड क्र. 11 नगर पंचायत तुमगांव निवासी लिलेश साहू पिता स्व. बसंत साहू ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि उसका जिला सहकारी बैंक के बाजू में महावीर च्वाईस सेंटर है। 7 सितम्बर की रात दुकान किसी ने चॉइस सेंटर के तिजोरी से लगभग 7, 8 हजार रुपए चुरा लिए।

## एसपी भावना ने ली अपराध समीक्षा बैठक, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के निर्देश

# जिले में अपराध-अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं, लापरवाही पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अपराधों की समीक्षा और पुलिस कार्यप्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने 9 समस्त थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित अपराधों, वारंट, चलान, शिकायतों तथा विवेचना से संबंधित विषयों पर एजेंडा वार समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। बैठक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ "जीरो टॉलरेंस नीति" अपनाई जाएगी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारी प्रोत्साहित किए जाएंगे, वहीं लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई भी तय मानी जाएगी।

एसपी भावना गुप्ता ने कहा कि थाना व चौकी स्तर पर दर्ज गंभीर अपराधों जैसे हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, महिला अपराधों की विवेचना प्राथमिकता से पूरी की जाए और उन्हें जल्द न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की लगातार समीक्षा करते हुए 173(8) भादवि के प्रकरणों में भी निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई हो। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीओपी तारेश साहू (भाटापारा), राजेश श्रीवास्तव (उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय), तुलसी लेकाम, अपूर्वा क्षत्रिय, कौशल किशोर वासनिक, अमृत कुजूर सहित समस्त थाना और चौकी प्रभारियों एवं पुलिस कार्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि जिले में नए गुंडा एवं निगरानी बदमाशों के प्रकरण शीघ्र ले जाएं और उनके गतिविधियों की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जिला बदर के प्रकरणों को तैयार कर तत्काल कार्यालय भेजा जाए ताकि समयबद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।





### नशा तस्करी के खिलाफ चलेगा विशेष अभियान

बैठक के दौरान एसपी भावना गुप्ता ने नशीली दवाओं की अवैध बिक्री व तस्करी पर चिंता जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में संलिप्त आरोपियों की पहचान कर विशेष अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी की जाए। इस अभियान में तेजी लाकर जिले को नशामुक्त करने का संकल्प लिया गया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि मेडलिपार, त्रिनयन एवं सीसीटीएनएस जैसे ऑनलाइन पोर्टलों में समस्त जानकारी की शत-प्रतिशत एंट्री अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस मुख्यालय से प्राप्त परवानों में दिए गए निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाए।

### कॉप ऑफ द मंथ सम्मान से बढ़ाया मनोबल

बैठक के अंत में अगस्त 2025 माह के लिए पांच पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को 'कॉप ऑफ द मंथ' के रूप में सम्मानित किया गया। जिनमें निधि नाग (एसडीओपी, बलौदाबाजार): थाना सिटी कोतवाली के धारा 302 भादवि व SC/ST एक्ट के मामले में उत्कृष्ट विवेचना के लिए। आरक्षक भूपेंद्र गुप्ता (थाना लवन): न्यायालय से जारी 30 से अधिक स्थाई वारंट की तामीली करने के लिए। प्रधान आरक्षक मनोज वर्मा, आरक्षक राजेश ध्रुव एवं राहुल ध्रुव (थाना पलारी): रात्रि में झपटमारी के आरोपियों का पीछा कर सावधानीपूर्वक गिरफ्तारी करने के लिए सम्मानित किए गए।

## सशिमं के छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक्स स्पर्धा में मारी बाजी



**लवन ।** नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर के भैया बहनों ने विभाग स्तरीय एथलेटिक्स अलवन अंचल में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर बलौदाबाजार में संपन्न हुआ जिसमें लवन के बहन बोधनीन वर्मा - रिले रेस दौड़ में प्रथम, 400 मीटर बाधा दौड़ प्रथम, त्रयम्बिकेश्वरी बनी- 100 मी बाधा में प्रथम, नीलम लोधी - तार गोला में प्रथम स्थान यश जायसवाल - गोला में प्रथम स्थान कुल 16 भैया। बहनों ने भाग लिया जिसमें से 15 भैया। बहनों ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर ये सभी भैया-बहन 26/09/25 को बिलासपुर के लिये रवाना होंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. नरसिंग वर्मा, सचिव गिरधारी लाल वर्मा, कोषाध्यक्ष-पारस ताम्रकार, सहसचिव - रोशन कुमार मानिकपुरी एवं विद्यालय परिवार सभी भैया-बहनों की उज्वल भविष्य की कामना की।

### कुराश में छात्रों ने जीता गोल्ड



**भाटापारा।** बलौदाबाजार में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कुराश में स्थानीय इतवारी राम यादव शास बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय भाटापारा के छात्र नवीन डोंगरे कक्षा 12वीं स, प्रवीण खोपरागडें कक्षा 11वीं ब ने 19वर्ष बालक केटेगरी तथा प्रथम बंसोड कक्षा 9वीं ने 17 वर्ष बालक कैटिगरी में गोल्ड मेडल जीता छात्रों की इस उपलब्धी पर संस्था के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिये।

## बाजे-गाजे व जयकारे के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**रवान ।** नगर सहित अंचल के गांवों के चौक चौराहों में विराजित गणेश प्रतिमाओं को बाजे-गाजे और जयकारे के साथ तालाबों में विसर्जित किया गया। विसर्जन के पूर्व गणेश प्रतिमाओं को सुसज्जित वाहनों में विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। नाचते-गाते हुए नम आंखों से तालाब में विसर्जित कर गणेश जी को विदाई दी। रवान में महामाया युवा ग्रुप के सदस्यों ने भगवान गणेश जी की मूर्ति का छत्तीसगढ़ के लोक गीत छत्तीसगढ़ के परम्परा के अनुसार, गांव के गली भ्रमण कर कर्मा गीत के साथ धूमधाम से गणेश प्रतिमा का बहुत सुंदर तरीके से विसर्जन किया गया ग्रुप के सभी लोग उपस्थित थे । इस अवसर पर जीतू साहू, पुलश देवांगन, पीयूष देवांगन, रोशन साहू, मणि साहू, खिलेंद्र वैष्णो, अजय साहू, सीकू साहू, देवेन्द्र साहू, शुभम वर्मा, दुर्गेश वर्मा, बेदू देवांगन, योगेन्द्र साहू, मुकेश साहू, संजय साहू और गांव के सरपंच प्रतिनिधि, अक्षय समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सीसीटीएनएस पोर्टल पर पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में पुलिस कार्यप्रणाली को तकनीक से जोड़ते हुए 9 सितंबर को सुबह 11 बजे से पुलिस कार्यालय सभा कक्ष बलौदाबाजार में सीसीटीएनएस परियोजना अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी, थाना व चौकी प्रभारी शामिल हुए।

प्रशिक्षण में मेडलीपार, क्री मेक एवं ई-समंस जैसे महत्वपूर्ण पोर्टलों में ऑनलाइन एंट्री की प्रक्रिया, उसके उपयोग, और सावधानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। वर्तमान में पुलिस विभाग के अधिकांश कार्य जैसे डॉक्टरी मुलाहिजा, समंस तामील, केस डायरी, अभियुक्त विवरण आदि पूरी तरह डिजिटल हो चुके हैं, ऐसे में अधिकारियों का तकनीकी दक्ष होना

अत्यंत आवश्यक है। उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों थाना एवं चौकी प्रभारियों के लिए एक दिवसीय सीसीटीएनएस योजना अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल मेडलीपार, क्री मेक, इ-समंस में शत प्रतिशत एंट्री करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



## जैन समाज में हर्षोल्लास के साथ मना क्षमावाणी महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

दसलक्षण महापर्व के समापन अवसर पर बलौदा बाजार जैन समाज द्वारा क्षमावाणी महापर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज के सभी धर्मावलंबियों ने एकजुट होकर क्षमा पर्व का महत्व समझा और एक-दूसरे से क्षमा याचना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव अमित जैन, कोषाध्यक्ष धीरज जैन एवं मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दिलीप जैन ने की। इस दौरान भिंड से पधारे पंडित जी का समाज की ओर से विशेष सम्मान किया गया, वहीं समाज के वरिष्ठजनों का भी अभिनंदन हुआ। माइक संचालन का दायित्व सचिव अमित जैन ने निभाया।

इस अवसर पर 10 दिनों तक उपवास करने वाले श्रद्धालु संजय कुमार जैन सोनाडीह एवं नविता जितेंद्र जैनबलौदा बाजार का श्रीफल के साथ सम्मान करते हुए समाजजनों ने बार-बार अनुमोदना की। कार्यक्रम में भक्ति गीतों की प्रस्तुति सौरभ सकरीवाले, ऋषभ जैन एवं श्रीमती नेहा जैन ने दी।





## विनायक को दी गई अश्रुपूरित बिदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अनेक पंडालों में विराजे विघ्न विनायक गजानंद को रविवार की शाम सात बजे से देर रात तक आकर्षक झाकियों के बीच डीजे घुमाल पार्टी आतिशबाजी के साथ नृत्य करते युवाओं ने शोभायात्रा को उत्साह पूर्वक लगभग दो किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी ले गए। नदी के तट पर विधिविधान से पूजा अर्चना कर गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ गगन भेदी नारो से अश्रुपूरित बिदाई देते हुए नदी में प्रतिमा को प्रवाहित किया। उक्त अवसर पर नगर के नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह, राजू भाटिया सह परिवार जय स्तंभ चौक पर विभिन्न झाकियों के स्वागत करते नज़र आए । वहीं ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में उत्साह पूर्वक विसर्जन झांकी देखने उपस्थित थे। चुस्त दुरुस्त पुलिस व्यवस्था के तहत विसर्जन शांति पूर्ण सम्पन्न हुआ।



### कोरोना काल में 300+ ऑनलाइन कक्षाएं लेकर 15 हजार से अधिक छात्रों से जोड़ा

# नायक को नवाचारी शिक्षा कार्यों के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार, द्वारा आयोजित,शिक्षक दिवस कार्यक्रम, में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा विकासखंड सिमगा के व्याख्याता [एल.बी.] प्रेम नारायण नायक को बलौदाबाजार नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केसरवानी द्वारा सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, सिमगा विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर, एवं बलौदाबाजार भाटापारा, कसडोल, पलारी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। यह सम्मान प्रेम नारायण को कोरोना काल में किए गए कार्य के लिए प्रदान किया गया। आपने कोरोना काल में 300 से भी अधिक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित किए। एवं 15000 से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने का कार्य किया। आपको शाल, श्रीफल, एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। आपके इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य के.पी.राय , संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, संकुल समन्वयक मार्कंडेय कैवर्त्य, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंत राम बंजारे, समिति के सदस्य गण, एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।



